हिन्दुस्तान

तरक्की को चाहिए नया नजरिया

बुधवार, 06 जून 2018, बरेली, पांच प्रदेश, 21 संस्करण

www.livehindustan.com

PAGE NO-08. MIDDLE

एसआरएमएस ने जीता टूर्नामेंट

बरेली | वरिष्ठ संवाददाता

राज्य स्तरीय अंडर 16 क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में मेजबान एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी ने आईटीआई मेरठ को 4 विकेट से हरा दिया। मेरठ की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 37 ओवर में 104 रन बनाकर आउट हो गई। रोहित ने 33 और विहान ने 14 रनों का योगदान दिया।

एसआरएमएस के लिए वैभव गांधी ने चार जबकि अर्पित यादव और देवांश ने दो दो विकेट लिए। एसआरएमएस की टीम ने 19 ओवर में जीत हासिल कर ली। प्रकाश ने 46 और अनंत ने 23 रनों का योगदान दिया। मुख्य अतिथि बीसीए के

सचिव सीताराम सक्सेना ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। वैभव गांधी को मैन ऑफ द मैच, सौरभ दीक्षित को बेस्ट बॉलर, उज्जवल गांधी को बेस्ट बैट्समैन, अनंत भटनागर को मैन ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया। देवांश मूर्ति, अर्पित यादव, विहान और सार्थक को उभरते हुए खिलाड़ी का पुरस्कार दिया गया।